<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा द्वारा टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर के लिए राष्ट्रीय मिशन के साथ भागीदारी

नई दिल्ली, 12 फरवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन पर शुरू किए गए 100 दिवसीय सघन अभियान के हिस्से के रूप में नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में जागरूकता सत्र और नि-क्षय शिविर (स्क्रीनिंग कैंप) का आयोजन किया गया।

इस सत्र का उद्देश्य संविदा कर्मचारियों सहित इरेडा कर्मचारियों को टीबी की रोकथाम, शीघ्र निदान और साइलेंट टीबी संक्रमण के उपचार के लाभों के बारे में शिक्षित करना था। इस नि-क्षय शिविर में समय पर चिकित्सा करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए साइट पर जांच और परामर्श प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्र टीबी डिवीजन की एक टीम ने जांच और जागरूकता सत्र आयोजित किया । इस अवसर पर, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी कर्मचारियों को "नि-क्षय शपथ" (टीबी मुक्त भारत की प्रतिज्ञा) दिलाई। इस दो दिवसीय शिविर कल भी जारी रहेगा। इरेडा के निदेशक (वित्त) ने कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक फिटनेस सेंटर का भी उद्घाटन किया, जोकि इरेडा कर्मचारियों को अपनी स्वास्थ्य लाभ के बारे में बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि, "उत्पादक कार्यबल और सतत भविष्य के लिए स्वास्थ्य और कल्याण महत्वपूर्ण हैं। इरेडा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर जागरूकता और सक्रिय जांच प्रयासों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय मिशन के लिए सहयोग देकर खुश है।"